British Columbia's
**Office of the Human Rights Commissioner**

# फ्रॉम हेट टू होप:
# रंग भरने की एक सामुदायिक पुस्तक

**पेज यंग द्वारा मुख्य पृष्ठ चित्रण**
"फ्रॉम हेट टू होप" रिपोर्ट से



# मानवाधिकार आयुक्त का बी.सी. कार्यालय सभी के लिए निष्पक्षता और दयालुता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम मानते हैं कि पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और महत्व पाने का हकदार है।

**हमारे कार्यालय के कामकाज की एक महत्वपूर्ण कार्यवाही तहकीकात करना है। तहकीकात तब होती है, जब हम लोगों के अनुभवों के बारे में कहानियों को सुनते हैं और सभी के लिए चीजों को न्यायसंगत बनाने के तरीके सुझाते हैं। हमारी पहली तहकीकात रिपोर्ट "फ्रॉम हेट टू होप" ने हमें बहुत कुछ सिखाया कि कैसे कुछ लोगों को उनकी पहचान के कारण दुर्व्यवहार किया जा रहा है (जैसे वे कैसे दिखते हैं या वे कहां से हैं)।**

हमारी रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद, हमने फोर्ट सेंट जॉन, ननाइमो, केरेमियोस और वैंकूवर में भित्ति चित्र बनाने के लिए कलाकारों और समुदायों के साथ काम किया। प्रत्येक भित्ति चित्र उन वार्तालापों का प्रतिनिधित्व करता है जो प्रत्येक समूह ने नफरत के अपने अनुभवों, भविष्य को लेकर उनकी उम्मीदों और समुदाय के महत्व के बारे में की थीं।

रंग भरने की इस पुस्तक में "फ्रॉम हेट टू होप" रिपोर्ट और प्रत्येक स्थान पर बनाए गए भित्ति चित्रों की कला को प्रस्तुत किया गया है। कला समाज में चीजों को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। यह कई तरीकों से ऐसा कर सकती है। इसका एक तरीका यह है कि लोगों को दिखाया जाए कि दुनिया में क्या अनुचित है। कला लोगों को एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझने में भी मदद कर सकती है। जब हम किसी के जीवन के बारे में कोई पेंटिंग या नाटक देखते हैं, तो हम स्वयं को उनकी जगह रखकर कल्पना कर सकते हैं । इससे हमें उनकी समस्याओं के बारे में अधिक समझने और उन्हें ठीक करने के लिये प्रेरणा मिलती है। कला लोगों के लिए सही बात के लिए खड़े होने और यह महसूस करने का एक तरीका भी हो सकती है कि हम सभी परस्पर संबंधित हैं, उदाहरण के लिए, जब हम खुद को एक पेंटिंग में परिलक्षित होते देख सकते हैं।

अपनेपन की भावना हमारे पुस्तकालयों, हमारे सामुदायिक केंद्रों और यहां तक कि हमारी रसोई की मेज पर भी देखी जा सकती है। हमारी "फ्रॉम हेट टू होप" (नफरत से आशा तक) की तहकीकात रिपोर्ट को सार्वजनिक स्थानों पर भित्ति चित्रों के माध्यम से जीवंत किया गया था- और हमने उन भित्ति चित्रों को बनाया क्योंकि हम जानते हैं कि सार्वजनिक कला विचार विमर्श, चिंतन और अंततः परिवर्तन लाने का एक तरीका है।

हमें उम्मीद है कि वयस्क और बच्चे दोनों इस पुस्तक के साथ जुड़ेंगे, और देखभाल करने वालों को इस पुस्तक के अंत में विचार-विमर्श के लिए दिए गए प्रश्न युवाओं के साथ बातचीत शुरू करने में उपयोगी होंगे।

हम उन सभी के प्रति आभारी हैं जिन्होंने तहकीकात में भाग लिया - जिन्होंने हमें अपने अनुभवों के बारे में बताया, जिन्होंने समुदायों में हर दिन किए जाने वाले काम को साझा किया और ज्ञान धारकों, बुजुर्गों और देखभाल करने वालों ने इन सब में सहायता प्रदान की।

**इस जगह, जिसे अब हम ब्रिटिश कोलंबिया कहते हैं, के मूल निवासियों के लिए: आज हम अपना रुख आपकी और आपके पूर्वजों की ओर करते हैं। आपने अपनी मातृभूमि के अधिकार को कभी वैध रूप से नहीं छोड़ा। हम यहां रहने और काम करने के लिए आभारी हैं।**

British Columbia's
**Office of the Human Rights Commissioner**


ननाइमो
लॉरेन सेम्पल और लिस ग्लासफोर्ड
और RISEBRIDGE के IBPOC समर प्रोग्राम के युवा


“सार्वजनिक कला हमें समुदाय की शक्ति की याद दिला सकती है।

– कसारी गोवेंडर
बी.सी. के मानवाधिकार आयुक्त




**पेज यंग द्वारा चित्रण**

“फ्रॉम हेट टू होप” रिपोर्ट से



फोर्ट सेंट जॉन

**फाकुंडों गस्टियज़ोरो और स्टेफ़नी एंडरसन**


और फोर्ट सेंट जॉन कम्युनिटी आर्ट्स काउंसिल


फ्रॉम हेट टू होप
पेज यंग द्वारा चित्रण
“फ्रॉम हेट टू होप” रिपोर्ट से

“


कला यही करती है।
यह जीवन के सभी क्षेत्रों के
लोगों को एक साथ लाती है
और आपके विचारों को और
व्यापक बनाती है।

– हेली रेगन
केरेमियोस भित्ति कलाकार


केरेमियोस
हेली रेगन
और SOICS वन
वर्ल्ड यूथ क्रू के युवा


वैंकूवर
पेज यंग और मलेना मोखोविकोवा
और ब्रिटानिया के युवा







केरेमियोस

**हेली रेगन**

और SOICS वन
वर्ल्ड यूथ क्रू के युवा


वैंकूवर
पेज यंग और मलेना मोखोविकोवा
और ब्रिटानिया के युवा



ननाइमो

**लॉरेन सेम्पल और लिस ग्लासफोर्ड**

ह्यूमैनिटी इन आर्ट और RISEBRIDGE के IBPOC समर प्रोग्राम के युवा

## हमारी “फ्रॉम हेट टू होप” की तहकीकात रिपोर्ट को सार्वजनिक स्थानों पर भित्ति चित्रों के माध्यम से जीवंत किया गया था- और हमने उन भित्ति चित्रों को बनाया क्योंकि हम जानते हैं कि सार्वजनिक कला विचार-विमर्श, चिंतन और अंततः परिवर्तन को शुरू करने का एक तरीका है।

**हम आपको इन सवालों का पता लगाने और साझा करने और बातचीत जारी रखने के लिए आमंत्रित करते हैं।**

- **उचित व्यवहार किए जाने का क्या मतलब है? गलत तरीके से व्यवहार किया जाना कैसा लगता है?**
- **हम दूसरों पर दयालुता कैसे दिखा सकते हैं?**
- **आप और आपका परिवार किन समुदायों का हिस्सा हैं?**
- **कला लोगों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने में कैसे मदद कर सकती है?**
- **अपना खुद का भित्ति चित्र बनाएं! “फ्रॉम हेट टू होप” का आपके लिए क्या मतलब है?**


### धन्यवाद

**पेज यंग** (रिपोर्ट कला और वैंकूवर भित्ति चित्र), **मलेना मोखोविकोवा, ब्रिटानिया कम्युनिटी सर्विसेज सोसायटी, ब्रिटानिया सेकेंडरी स्कूल** (वैंकूवर भित्ति चित्र) **के युवा**

**हेली रेगन और दक्षिण ओकानगन इमिग्रेंट एंड कम्युनिटी सर्विसेज (SOICS) वन वर्ल्ड यूथ क्रू** (केरेमियोस भित्ति) **के युवा**

**ह्यूमैनिटी इन आर्ट की लॉरेन सेम्पल और लिस ग्लासफोर्ड से और RISEBRIDGE के IBPOC समर प्रोग्राम** (ननाइमो भित्ति) **के युवा**

**रेवन-टैकुआरा आर्टिस्ट कलेक्टिव के फेकंडो गैस्टियाज़ोरो और स्टेफ़नी एंडरसन और फोर्ट सेंट जॉन कम्युनिटी आर्ट्स काउंसिल** (फोर्ट सेंट जॉन म्यूरल)


यदि आप “फ्रॉम हेट टू होप” रिपोर्ट के बारे में अधिक जानना चाहते हैं, तो इसे यहां देखा जा सकता है:
**bchumanrights.ca/inquiry-into-hate**



केरेमियोस, बी.सी.



फोर्ट सेंट जॉन, बी.सी.



वैंकूवर, बी.सी.



ननाइमो, बी.सी.

## “फ्रॉम हेट टू होप”:

# रंग भरने की एक सामुदायिक पुस्तक

**यह प्रकाशन ब्रिटिश कोलंबिया के मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में पाया जा सकता है:**
**bchumanrights.ca/inquiry-into-hate**

ब्रिटिश कोलंबिया का मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय (BCOHRC) इस प्रकाशन में प्रस्तुत जानकारी के प्रसार और आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है। तस्वीरों और छवियों, BCOHRC के लोगो, किसी भी ब्रांडिंग या ट्रेडमार्क, तृतीय पक्ष द्वारा उपलब्ध कराई गई विषय वस्तु या सामग्री और अन्यथा जहां कहीं भी चिह्नित किया गया हो, इस प्रकाशन में प्रस्तुत सभी सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के तहत लाइसेंसशुदा है।
**लाइसेंस की समीक्षा करने के लिए, यहां जाएं: creativecommons.org/licenses/by/4.0/**

ISBN: **978-1-990626-08-1**

हमें सोशल मीडिया पर खोजें **@humanrights4bc**

**© British Columbia’s Office of the Human Rights Commissioner**
536 - 999 Canada Place Vancouver, BC V6C 3E1
**1-844-922-6472 | info@bchumanrights.ca**

British Columbia’s
**Office of the Human Rights Commissioner**

From hate to hope: A community colouring book [Hindi]